तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, मंगलवार 3 दिसंबर 2024

बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़

09 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की तैयारी तेज यज्ञस्थल के भूमिपूजन ...



10 समस्याओं को लेकर शिवसेना ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



## खबर संक्षेप

### धान खरीदी केन्द्र चलो अभियान की जिम्मेदारी विधायक संगीता व अनिला को

**बालोद।** धान खरीदी केन्द्र चलो अभियान के तहत जिला में बालोद विधायक संगीता सिन्हा व विधायक अनिला भेड़िया को जिम्मेदारी सौंपी गई है।



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष द्वारा किसानों की इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए 3 दिसंबर को धान खरीदी केन्द्र चलो अभियान चलाये जाने का निर्णय लिया है। इसके तहत नियुक्त प्रभारी क्षेत्र के अलग अलग खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण करेंगे।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से आरक्षक घायल

**बालोद।** ग्राम धनोरा के पास अज्ञात चार पहिया वाहन ट्रेड आरक्षक को टक्कर मारकर फरार हो गया। गुरुर थाने में अज्ञात चार पहिया वाहन के खिलाफ 125ए बीएनएस, 281 बीएनएस तहत मामला दर्ज किया गया है। 14 बटालियन में एपीसी और पुलिस पेट्रोल पंप का इंचार्ज ने बताया कि रविवार को ट्रेड आरक्षक 1224 किशोर गायकवाड़ को धान मंडी ग्राम धनोरा के पास एनएच 930 मार्ग पर अज्ञात चार पहिया वाहन चालक के द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर ठोकर मार कर भाग गया। उन्हें बटालियन के इमरजेंसी वाहन से ईलाज के लिए शासकीय अस्पताल गुरूर ले जाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद को गंभीर चोट लगने के कारण उच्च ईलाज के लिए धमतरी अस्पताल रेफर किया गया है।

### बाइक की ठोकर से युवती घायल

**बालोद।** दल्लीराजहरा के सब्जी बाजार में टमाटर खरीदने गई दल्लीराजहरा निवासी युवती जागृति जायसवाल को बुलेट बाईक चालक युवक ने टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गई। दल्लीराजहरा के वार्ड 24 हनुमान मंदिर के पास मुख्य मार्ग पर बाइक की टक्कर से दल्लीराजहरा निवासी जागृति जायसवाल घायल हो गई। मामले पर 30 नवंबर को राजहरा थाने में बाइक चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। जानकारी देते हुए एएल जायसवाल ने बताया कि 27 नवंबर को पोती जागृति जायसवाल फव्वारा चौक राजहरा में टमाटर खरीदने गई थी। वहां से शाम 7.30 बजे घर आ रही थी। इस दौरान चिखलाकसा से फव्वारा चौक तरफ जा रही बुलेट वाहन ने सामने से टक्कर मार दी। जिसके बाद शहीद अस्पताल राजहरा में प्रारंभिक इलाज के बाद रायपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### जिला स्तरीय पैरा एथलेटिक्स स्पर्धा 8 को

**बालोद।** पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ बालोद द्वारा जिला स्तरीय पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 8 दिसंबर को सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में प्रातः 9 से 6 बजे तक किया गया है। यह प्रतियोगिता दृष्टिबाधित, अस्थि बाधित तथा व्हील चेयर महिला, पुरूष दिव्यांगों के लिए है। यह प्रतियोगिता सब जूनियर वर्ग 08–15 वर्ष जुनियर वर्ग 15–21 वर्ष, सीनियर वर्ग 21 वर्ष से ऊपर के लिए है। इस खेलकूद एथेलेटिक्स प्रतियोगिता में मुख्य रूप से 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर मीटर, 800 मीटर दौड़, लांग जम्प, हाई जम्प, तवा फेक, गोला फेक, भाला फेक शमिल है। इस प्रतियोगिता के आधार पर दिव्यांग खिलाड़ियों को आगामी राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा। इसमें समिति के अध्यक्ष कमलेश कुमार निषाद, सचिव दुष्यंत कुमार, कोषाध्यक्ष देवराम पटेल, संरक्षक हरिराम कोर्राम व सदस्य उपस्थित रहेंगे।

---

## मांग : अत्यावश्यक सेवाओं को छोड़कर बंद रहे सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठान

# जिला एवं सत्र न्यायालय को शहर से बाहर करने के निर्णय का हुआ चौतरफा विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद



जिला मुख्यालय से जिला एवं सत्र न्यायालय को शहर से बाहर सिवनी में स्थानांतरण का विरोध करते हुए शहर के व्यापारी संघ द्वारा सोमवार को चमाचम नगर बंद रखा गया। शहर के अतिआवश्यक श्रेणी में आने वाले दुकानों के साथ शासकीय कार्यालयों को छोड़ सभी दुकानें पूरी तरह बंद रहीं। कलेक्टोरेट कार्यालय को शहर से बाहर सिवनी में स्थानांतरित करने के बाद अब जिला एवं सत्र न्यायालय को शहर से बाहर स्थानातरित करने की तैयारी की जा रही है जिसके विरोध में शहर के व्यापारी संघ एक जुट हो गए है, जिसके तहत अब वे विभिन्न माध्यमों से इसका विरोध करना प्रारंभ कर दिये है। इसके तहत वे सोमवार को नगर बंद का आव्हान किया, जिसका असर पूरे शहर में देखने को मिला और छोटी-बड़ी कोई भी दुकान नहीं खुली। व्यापारी संघ द्वारा सर्वप्रथम पुराना बस स्टैण्ड के पास सुबह एकत्रित होकर बैठक का आयोजन किया तथा कलेक्टोरेट के बाद जिला एवं सत्र न्यायालय को शहर से बाहर नहीं जाने देने के लिए जमीनी स्तर से लेकर कागजी स्तर पर लड़ाई लड़ने को लेकर एकजुट होने को लेकर संकल्पित हुए। उसके बाद 10:30 बजे से व्यापारी संघ द्वारा शहर के सभी दुकानों को नगर बंद के समर्थन में बंद करवाने के लिए बाईक रैली निकाली गई, जिसमें विभिन्न तरह के नारे लगाते हुए कई सारे बाईक पूरे शहर के चौक चौराहों और मुख्य सड़कों से गुजरते हुए दुकानों को बंद रखने की अपील करते दिखे जहां अधिकतर दुकानें बंद थीं, लेकिन एक दो खोले भी थे उनको प्रेम से समझाकर बंद करवाया गया।

- व्यापारियों ने भी दिया बंद को समर्थन, नगर में निकाली गई रैली

### मुनादी कर दी जानकारी

व्यापारियों द्वारा पिछले दो तीन दिनों से कई माध्यमों से नगर बंद का आव्हान मुनादी व जानकारी देकर की जा चुकी थी, जिसके कारण लोगों व व्यापारियों को पूर्व जानकारी होने के कारण नगर बंद को पूर्ण समर्थन मिला तथा बाईक रैली निकालकर शहर के समर्थन में घूमते दिखे। वहीं, इस शहर बंद के बाद व्यापारियों व आमजनता मे यह चर्चा आम हो गई है कि कलेक्टोरेट कार्यालय को भी शहर के अंदर लाना चाहिए, ताकि शहर में रौनकता बनी रहे। एक काम के लिए अलग अलग जगह भटकने से अच्छा पूर्व में जय स्तंभ के पास एक जहां एक ही जगह कलेक्टोरेट कार्यालय व जिला एवं सत्र न्यायालय पास था, उसी तरह शहर के अंदर जगह चयन कर नए कार्यालयों का निर्माण किया जाना चाहिए।

### न्यायालय के बाहर चाय-नाश्ते के लिए भी भटकते रहे लोग





नगर बंद का असर जिला एवं सत्र न्यायालय मे पेशी के लिए आए लोगों के साथ अधिकारी, कर्मचारी व वकीलों पर भी दिखा जहां लोग पानी के साथ चाय नास्ते के लिए भटकते दिखे। जिला मुख्यालय के हृदय स्थल पर स्थित जिला एवं सत्र न्यायालय को शहर से बाहर ग्राम सिवनी मे स्थानांतरण की तैयारी प्रशासन कर रहा है, इसके विरोध में व्यापारियों ने बालोद बचाओ संघर्ष समिति बनाकर इसका विरोध प्रारंभ कर दिया है इसके विरोध में 2 दिसंबर को नगर बंद की घोषणा की गई थी जिसके कारण जिला न्यायालय में अपने काम व पेशी के कारण बाहर से आए लोगों को दोपहर के समय नास्ता के लिए भटकने को मजबूर थे। जिले के डौण्डी, अर्जुन्दा दल्लीराजहरा के साथ आस पास से पेशी के लिए आए कुछ लोगों ने बताया कि सामान्य दिनों में नास्ता पानी के लिए भटकने की जरूरत नहीं पड़ती जिला एवं सत्र न्यायालय के आस पास की दुकानों से नास्ता-पानी उपलब्ध हो जाता है लेकिन आस पास व अन्य जगहों के साथ नगर में सभी दुकानें बंद हैं, इस कारण पानी के लिए भी भटकना पड़ रहा है। बस स्टैण्ड जैसे सार्वजनिक जगहों पर जाकर पीने के लिए पानी लाना पड़ रहा है। वहीं कई लोगों ने बताया कि उन्हें नगर बंद होने की पूर्व जानकारी होने के कारण वे पानी व नास्ता की व्यवस्था कर आए थे, ताकि उन्हें दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

### बुधवारी बाजार भी बंद



शहर से जिला एवं सत्र न्यायालय बालोद को शहर से बाहर ले जाने के विरोध में थोक व चिल्हर के बुधवारी बाजार बंद रहा, जहां सप्ताह भर सब्जी खरीदने व बेचने के कारण चहल पहल बने रहने वाले इस बाजार में बालोद बंद का समर्थन करते हुए कोई भी सब्जी व्यापारियों ने अपनी दुकान नहीं खोली। जिलेभर से अपने सब्जियों को बेचने तथा खरीदने के लिए सैकड़ों की संख्या में पहुंचने वाले किसान व सब्जी के थोक व चिल्हर व्यापारी बालोद बंद के कारण सोमवार को बुधवारी बाजार को बंद रखा गया। वहीं, छोटे व्यापारी जो सुबह से शाम तक अपना दुकान लगाकर सब्जी बेचते नजर आते हैं, उन्होंने भी बंद के कारण अपनी दुकान नहीं लगाई।

### मुख्यमंत्री व मुख्य न्यायाधीश के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन





जिले में व्यापारियों ने जहां सुबह से लेकर दोपहर तक विभिन्न बैठकें करके व बाईक रैली निकालकर जिला एवं सत्र न्यायालय के शहर से बाहर जाने का विरोध जताया, वहीं दोपहर के बाद जिला कलेक्टोरेट पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। व्यापारियों ने कलेक्टर से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपा और आमजनता व व्यापारियों को हो रही दिक्कतों के बारे में बताया। इसके साथ ही कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व मुख्य न्यायाधीश उच्च न्यायालय बिलासपुर के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया है कि संयुक्त कार्यालय शहर से 5 किलोमीटर दूर ले जाने से ऐसा लगा कि शहर की आत्मा अलग कर दिया गया। आवागमन की सुविधा न होना, शहर से दूर स्थापित होने से शहर ही नही जिले से दूर स्थानों से आने वाले नागरिकों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। शहर का व्यापार लगातार गिरता जा रहा है। इसी तरह कि शहर में स्थित जिला एवं सत्र न्यायालय को भी शहर से दूर स्थापित करने के लिए स्थल चयन कर लिया गया है, सभी शासकीय संस्थाओं का मूल उद्देश्य जनता को सरल, सुगम एवं सुलभ सुविधा मिल, जिला मुख्यालय शहर बालोद में ठीक इसके विपरीत हो रहा है। मुख्य शहर से संयुक्त जिला कार्यालय 5 किलोमीटर दूर, यातायात विभाग 7 किलोमीटर दूर, वर्तमान प्रस्तावित न्यायालय 5 किलोमीटर दूर, पॉलिटेक्निक कॉलेज 12 किलोमीटर दूर, नवोदय विद्यालय 12 किलोमीटर दूर स्थित है। ऐसा लगता है कि सभी शासकीय संस्थाओं को स्थापित करते समय नागरिकों को होने वाली असुविधाओं को ध्यान नहीं रखा गया। शहर में बड़ी शासकीय संस्थाओं के लिए पर्याप्त शासकीय भूमि उपलब्ध है, बालोद की जनता शांत और संतोषी स्वभाव के हैं। शहर की जनता को ही शहर में रहना है लेकिन बिना जनता की सहमति और सुझाव से शासकीय संस्थाओं को दूर ले जाने से शहर के स्वाभिमान और अस्तित्व पर प्रश्नचिन्ह लग रहा है। इसलिए बालोद जिला संयुक्त कार्यालय वर्तमान को शहर से दूर सिवनी में स्थित है ▶▶ शेष पेज 09 पर

---

# निलंबित सहायक शिक्षक एलबी दुलेश कुमार बहाल किए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

विकासखंड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला नेतामटोला के सहायक शिक्षक एल.बी दुलेश कुमार देवांगन का निलंबन समाप्त कर दिया गया है। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार उक्त शिक्षक के विरूद्ध प्राप्त शिकायत की विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी डौण्डीलोहारा से प्राप्त जाँच प्रतिवेदन के आधार पर कार्यालयीन आदेश क्रमांक/शिकायत/नि./5575/2024 बालोद दिनांक 26.09.2024 द्वारा निलंबित कर मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बालोद नियत किया गया था। इसके साथ ही कार्यालयीन पत्र क्रमाांक/शिकायत/नि/7205/2024 बालोद दिनांक 24.10.2024 द्वारा आरोप पत्र जारी कर प्रतिवाद उत्तर चाहा गया था । जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार दुलेश कुमार देवांगन द्वारा अपने पत्र दिनांक 04.11.2024 द्वारा कार्यालय में आरोप पत्र का प्रतिवाद उत्तर प्रस्तुत किया। प्रस्तुत प्रतिवाद तथा पूर्व जांच प्रतिवेदन का जिला स्तरीय विभागीय अधिकारी से पुनः प्रतिपरीक्षण कराया गया। प्राप्त प्रति परीक्षण प्रतिवेदन तथा संलग्न सहपत्रों के परीक्षण पर दुलेश कुमार देवांगन पर लगाये गये आरोप तथ्यहीन एवं निराधार होना पाए गए।

अतः दुलेश कुमार देवांगन निलंबित सहायक शिक्षक. एल.बी. को निलंबन से बहाल कर पूर्ववत प्राथमिक शाला नेतामटोला वि.खं. डौण्डीलोहारा जिला बालोद में पदांकित किया गया। निलंबन अवधि समस्त सेवा प्रयोजनों के लिए कर्तव्य अवधि मान्य किया गया है।

# रनचिराई-गुण्डरदेही सड़क जर्जर, राहगीर परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामगांव आर

रनचिराई (जामगांव आर) से गुण्डरदेही जर्जर सड़क के कारण लोग काफी परेशान हैं। उल्लेखनीय है यह सड़क तवेरा किलोपार भाठागांव आर रनचिराई गांवों के बीच से गुजरते हुए जामगांव आर पहुंचती है। दुर्ग जिले के पाटन विधानसभा अंतर्गत जामगांव आर से सटे हुए बालोद जिले के गुण्डरदेही विधानसभा मुख्यालय की दूरी 19 किमी है। सड़क इतनी जर्जर है कि सायकल की घंटी के अलावा सब बजती है वाली कहावत को चरितार्थ करती है। पाटन विस के विधायक भूपेश बघेल गत पंचवर्षीय में मुख्यमंत्री रहे और गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद भूपेश बघेल के अत्यंत करीबी विधायक रहे।लेकिन, सड़क का निर्माण नहीं हो सका। वहीं, अब भाजपा की सरकार आने के बाद क्षेत्रीय विधायक कांग्रेस का होने से निर्माण को लेकर लोग संशय में हैं।

- ग्रामीणों ने कहा– 19 किमी की यात्रा करने में हो जाती है हालत खराब



### प्रस्ताव भेजा स्वीकृति का इंतजार

ग्रामीण कृष्णकुमार साहू, अजय साहू, दुष्यंत साहू, राजू देवांगन, बलराम कॉलमों, राजेश्वर कतलम, पुनारद साहू कहते है कि पाटन विस एवं गुण्डरदेही विस को जोड़ने वाली 1965 में निर्मित सड़क गैर जिम्मेदार नेताओं की उदासीनता के कारण जर्जर हो गई है। हालांकि इस संबंध में लोकनिर्माण अधिकारी बंजारे कहते हैं कि शासन में प्रस्ताव भेजे जा चुके है, स्वीकृति मिलने पर कार्य किया जा सकेगा।

**गुण्डरदेही जर्जर सड़क पर मजबूरी की यात्राः** गुण्डरदेही से 12 किमी और जामगांव आर से 6 किमी बीच दूरी में भाठागांव आर एक ऐसा सेंटर है, जो देश स्वतंत्रता के बाद विधानसभा ▶▶ शेष पेज 09 पर

### भाभी से मारपीट, देवर के खिलाफ मामला दर्ज

**बालोद।** राजहरा के वार्ड क्र. 26 में देवर द्वारा भाभी से मारपीट करने का मामला सामने आया है। जिस मामले पर अन्नु सिंह ने बताया कि रविवार को सुबह करीबन 8 बजे देवर मनोज प्रताप अपनी पत्नी करूणा सिंह के साथ गाली गलौज कर रहा था। मना किया तो मनोज प्रताप ने गाली गलौज कर तुम बीच में बोलने वाली कौन होती है, कहकर गाली देते हुए धमकी देकर हाथ मुक्का एवं प्लास्टिक के स्टूल से मारपीट की।घटना में बीच बचाव करने छोटा देवर जय प्रकाश, देवरानी पिंकी सिंह, ससुर यदुनंदन सिंह आये तो उसे भी झुमा झटकी की है। इस पर राजहरा थाने में देवर के खिलाफ 351(2) बीएनएस, 115(2) बीएनएस, 296 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## हरियाणा के गदपुरी में 25 से 29 नवंबर तक लगा था शिविर

# व्यक्तित्व विकास आपदा प्रबंधन शिविर से लौटे स्काउट-गाइड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

व्यक्तित्व विकास आपदा प्रबंधन शिविर गदपुरी (हरियाणा) से बालोद के स्काउट गाईड के सदस्य वापस लौटे।

राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र गदपुरी में व्यक्तित्व विकास एवं आपदा प्रबंधन शिविर का आयोजन 25 से 29 नवम्बर तक किया गया। जिसमें बालोद जिला के स्काउट गाइड गदपुरी में आयोजित शिविर में राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव, राज्य आयुक्त प्रतिमा ठाकरे झा, राज्य सचिव कैलाश सोनी के मार्गदर्शन एवं जिला मुख्य आयुक्त राकेश यादव, जिला आयुक्त पीसी मरकले, जिला आयुक्त गाइड दुर्गेश नंदिनी यादव, जिला सचिव केएल गजेन्द्र, डीओसी प्रेमलता चंद्राकर के निर्देशन में नेशनल यूथ कॉम्प्लेक्स गदपुरी हरियाणा में भागीदारी किए।



जिसमें बालोद जिले के विभिन्न विद्यालयों से 08 स्काउट्स व 08 गाइड्स कुल 16 प्रतिभागी बच्चे और दो प्रतिभागी शिक्षक नेमसिंह साहू बालोद से तथा शिक्षिका नोम साहू लोहारा से शामिल हुए। इस कैम्प में विभिन्न स्थलों का भ्रमण ट्रेन, बस व पैदल द्वारा किया गया, प्रथम दिवस, वृंदावन में, वैष्णोदेवी मंदिर, बांके बिहारी मन्दिर, प्रेम मन्दिर, द्वितीय दिवस आगरा में ऐतिहासिक ताजमहल, मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि मंदिर, और अन्य मंदिर का दर्शन, तृतीय दिवस शिविर स्थल गदपुरी में की साफ सफाई और एडवेंचर एक्टिविटी जैसे टायर टनल ▶▶ शेष पेज 09 पर

### तीरदांजी और रायफल शूटिंग का अनुभव

पंचम दिवस अर्थात अन्तिम दिवस नेशनल यूथ कॉम्प्लेक्स गदपुरी हरियाणा में एडवेंचर प्रोग्राम के तहत सभी ने तीरदांजी और रायफल शूटिंग का आनंद लिया। तत्पश्चात दिल्ली में मेट्रो ट्रेन का मज़ा लिया जो सभी के लिए एक महत्वपूर्ण नया अनुभव था विकासखंड सचिव डीडी साहू, रूपेन्द्र सिन्हा, चंद्रशेखर दिल्लीवार, सेवा राम प्रेमन, डीटीसी भुवन सिन्हा, सीमा साहू, सत्यवान पिपरिया, मिलन सिंह सिन्हा, छगन बंछोर, मधुमाला कौशल, लिलीपुष्पा एक्का, धनेश्वरी साहू, तनुजा बंजारे, गायत्री साहू ने विभिन्न सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक स्थलों के भ्रमण एवं एडवेंचर एक्टिविटी में भागीदारी पर हर्ष व्यक्त किया।

हरिभूमि
## पाठक सूचना
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

# पांच नंबर में एडमिशन फिर भी नहीं मिले छात्र, बीएससी नर्सिंग की ढाई हजार से ज्यादा सीटें लैप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सौ में महज पांच नंबर पाने वालों को भी एडमिशन देने की सुविधा के मिलने के बाद भी बीएससी नर्सिंग की ढाई हजार से ज्यादा सीटें खाली रह गईं। आईएनसी द्वारा तय तारीख समाप्त होने के बाद ये सीटें लैप्स हो गईं। कुछ ऐसा ही हाल एमएससी और पोस्ट बेसिक नर्सिंग विषय का भी रहा, जहां क्रमशः ढाई सौ और अस्सी सीटें खाली रह गईं।

नर्सिंग की पढ़ाई की इच्छा रखने वालों की संख्या सीमित है, मगर प्रदेश में कॉलेजों की संख्या बेहद अधिक हो चुकी है। इसकी वजह से हर साल सीटों के खाली रह जाती है। राज्य में आठ शासकीय सहित करीब 122 कॉलेजों में बीएससी नर्सिंग के पाठ्यक्रम का संचालन किया जाता है। इस बार भी प्रवेश नियम में संशोधन किए जाने के बाद भी पूरा एडमिशन नहीं हो पाया। पांच नंबर पाने वाले को भी पात्र किए जाने के बाद नया आवेदन बुलाया गया था, इस दौरान नर्सिंग कॉलेजों में 4775 सीटें खाली थीं। निजी कॉलेज प्रबंधन को उम्मीद थी कि इनमें से 80 प्रतिशत सीटों पर एडमिशन हो जाएगा, मगर अनुमान वास्तविकता के विपरीत हो गया। आवेदन करने वालों की संख्या 2215 पर सिमटकर रह गई। इसमें से 98 प्रतिशत लोगों ने प्रवेश लिया, लेकिन सीटों का फुल होना संभव नहीं था।

इस बार नर्सिंग कॉलेजों में पढ़ाई करीब ढाई हजार कम विद्यार्थियों के साथ पूरी की जाएगी। इसी तरह एमएससी और पोस्ट बेसिक नर्सिंग विषयों का हाल भी कुछ अच्छा नहीं है। नए आवेदन के पहले एमएससी की 306 तथा पोस्ट बेसिक की 134 सीटें खाली थीं। अंतिम दिन बीतने के बाद एमएससी की 252 और पोस्ट बेसिक नर्सिंग की 79 सीटें खाली रह गईं।

## संशोधन के बाद मंगाए थे नए आवेदन, 98 फीसदी ने लिया प्रवेश

हरिभूमि फॉलोअप

### खामियां ही खामियां

प्रदेश में मौजूद नर्सिंग कॉलेजों की संख्या काफी अधिक है। इनमें सुविधाओं का अभाव होने की बातें भी सामने आती हैं। कॉलेजों की क्वालिटी और मौजूदा सुविधाओं का हर साल गठित समिति निरीक्षण करती है। शुरुआती दौर में कमियों की बात सामने आती है, फिर समझाइश और चेतावनी जैसी प्रक्रिया पूरी कर उन्हें प्रवेश की अनुमति दे दी जाती है।


नर्सिंग कालेजों में बीएससी की 4700 सीटें खाली, एडमिशन के लिए हरी झंडी का इंतजार

- नर्सिंग की पढ़ाई की इच्छा रखने वालों की संख्या सीमित है, मगर प्रदेश में कॉलेजों की संख्या बेहद अधिक हो चुकी है

## खबर संक्षेप




### अमलीडीह पुलिस कॉलोनी में मनाया संविधान दिवस

**रायपुर।** देश के संविधान को 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर पुलिस कॉलोनी अमलीडीह में विगत दिनों संविधान दिवस को हीरक जयंती के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संविधान निर्माता, विश्व रत्न डॉ. बाबा साहब आंबेडकर के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में बच्चों और बड़ों के लिए क्विज प्रतियोगिता, बच्चों के लिए चित्र प्रतियोगिता, ग्रुपिंग डांस, संविधान से संबंधित स्पीच कार्यक्रम रखा गया था। साथ ही महिलाओं का सरपंच की भूमिका में उनके अधिकार और कर्तव्य, पुरुषों के लिए जनप्रतिनिधि के तौर पर उनके अधिकार तथा कर्तव्य एवं अन्य विषयों पर व्याख्यान हुआ। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले बच्चों और बड़ों को कप और मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में दीप्ति बंजारे, सुरेंद्र चंद्रा, महेश बंजारे, रामकुमार कुर्रे, दिवाकर, प्रमित पाल साहू, राकेश सिंह, भुवनेश्वरी एवं अन्य उपस्थित थे।

### महिलाओं के लिए मेंहदी क्लास का आयोजन



**रायपुर।** केयर स्किल फाउंडेशन, महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से, एक विशेष मेंहदी कला प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन कर रहा है। यह कार्यशाला न केवल महिलाओं को एक पारंपरिक कला सिखाने का अवसर देगी, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनने और रोजगार के नए अवसर प्राप्त करने में भी मदद करेगी। लक्ष्यः महिलाओं और युवाओं को मेंहदी कला में प्रशिक्षित करना और उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करना। अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा मेंहदी कला की ट्रेनिंग। पारंपरिक और आधुनिक डिज़ाइनों पर फोकस। सभी प्रतिभागियों को निशुल्क प्रशिक्षण और प्रमाणपत्र। यह कक्षा 18 नवंबर 2024 को ग्राम-कोलर, वि.ख.- अभनपुर, जिला-रायपुर में प्रारंभ हुआ था।

### शिवसेना शिंदे गुट की बैठक, कई मुद्दों पर चर्चा



**रायपुर।** राजधानी रायपुर स्थित एक निजी होटल में विगत दिनों शिवसेना छत्तीसगढ़ शिंदे गुट की प्रदेश स्तरीय बैठक हुई। इस बैठक में प्रदेश के सभी जिलाध्यक्ष और पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में आगामी हिंदू राष्ट्र को लेकर दिल्ली धरना, नगरीय निकाय चुनाव के संदर्भ में चर्चा की गई। साथ ही प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार ने रायपुर में नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की, जिसमें शिवसेना के जिला महासचिव गोविंद साहू, जिला उपाध्यक्ष देवराज साहू, जिला सचिव सोनू साहू को बनाया गया। इसी प्रकार कामगार सेना के जिला सचिव लीलाधर यदु, सचिव जीतेंद्र ध्रुव, धरसींवा सचिव टामन साहू के अलावा युवा सेना के सचिव निखिल बिसेन, पीयूष बिसेन को ग्राम अम्लेश्वर अध्यक्ष युवा सेना के पद पर नियुक्त किया गया। बैठक में प्रदेशभर से सैकड़ों की संख्या मे शिवसैनिक उपस्थित रहे।

## खाड़ी की नमी का सर्वाधिक असर मध्य हिस्से में

# सर्द हुआ मौसम... बादलों से सात डिग्री लुढ़का पारा, रिमझिम फुहारों से शीत दिवस का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी के प्रभाव में प्रदेश का मौसम बदला हुआ है। छाए बादल, हवा की अधिक गति और पड़ रही फुहारों की वजह से राजधानी का तापमान सात डिग्री नीचे जाने से शीत दिवस की स्थिति बन गई है। दोपहर बाद राजधानी में भी हल्की वर्षा का दौर शुरू हुआ, जो देर शाम तक जारी रहा।

चक्रवात फेंगल के तटीय इलाके में आने की वजह से राज्य का मौसम पूरी तरह बदल चुका है। इसका ज्यादा असर रायपुर समेत मध्य तथा रायगढ़ सहित उत्तरी हिस्से में ज्यादा हुआ है। रविवार सुबह से छाए बादल और होने वाली बूंदाबांदी की वजह से सूरज के दर्शन नहीं हुए। चल रही ठंडी हवाओं से माहौल बदला रहा और लोगों को दिन में गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ा। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार, रायगढ़ और बलौदाबाजार में रात से हल्की बारिश शुरू हो गई थी और रायपुर समेत आसपास के इलाकों में इसका प्रभाव रविवार को सुबह होने के बाद दिखाई पड़ा। राजधानी में सुबह के वक्त हल्की बौछारें पड़ीं, जिसकी वजह से दिन का तापमान चढ़ना शुरू नहीं हो पाया। दोपहर होने के बाद यहां फुहारों का दौर शुरू हुआ, जो देर शाम तक चलता रहा। बदली-पानी की वजह से रायपुर शहर का तापमान सामान्य से सात और माना का पारा सामान्य से आठ डिग्री कम दर्ज किया गया, जिससे यहां कोल्ड डे की स्थिति बनी रही।





### सर्दी या बारिश के कपड़े

राजधानी में सुबह से तापमान कम होने की वजह से लोगों ने स्वेटर, जैकेट जैसे गर्म कपड़ों का उपयोग किया था। दोपहर से शुरू हुई फुहारों का दौर करीब तीन घंटे तक जारी रहा। इससे लोगों को यह समझ में नहीं आया कि आवाजाही करने के दौरान ठंड से बचने के कपड़े पहनें अथवा भीगने से बचने बरसाती कपड़े का उपयोग करें। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि नवंबर-दिसंबर के दौरान इस तरह की स्थिति अक्सर बनती है।

### दोपहर बाद फुहारों का दौर देर शाम तक जारी रहा



### आज बदलाव नहीं

मौसम विभाग के विशेषज्ञों के अनुसार, बारिश होने की वजह से रायपुर समेत उत्तरी हिस्सों में सुबह के वक्त कोहरा रहने की उम्मीद है। सोमवार को भी मध्य हिस्से में फुहार और बस्तर में गरज-चमक के साथ अनेक स्थानों पर वर्षा होने का अनुमान है। 3 दिसंबर से सरगुजा संभाग में छाए बादल छंटने शुरू होंगे, जिससे वहां न्यूनतम में गिरावट और अधिकतम तापमान में वृद्धि प्रारंभ होने की उम्मीद है। मध्य हिस्से में दूसरे सप्ताह से रात में ठंड बढ़ने की संभावना है।

### ऐसा रहा मौसम

| शहर | अधिकतम | अंतर | न्यून. तापमान | अंतर |
|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 22.8 | -6.9 | 18.8 | +3.3 |
| माना | 21.6 | -8.2 | 19.2 | +3.9 |
| बिलासपुर | 27.4 | -1.2 | 17.6 | +2.3 |
| पेंड्रा | 26.3 | -0.6 | 12.2 | -0.5 |
| अंबिकापुर | 26.9 | +2.3 | 10.4 | -0.5 |
| जगदलपुर | 26.8 | -2.5 | 21.0 | +8.0 |

# कान्हा का बाघ चार सौ किलोमीटर चलकर पहुंचा एटीआर को बनाया ठिकाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- कान्हा में जनवरी-फरवरी में कैमरे में ट्रैप हुआ था बाघ
- बाघ की पहचान कान्हा के टी-200 के रूप में हुई है

मध्यप्रदेश स्थित कान्हा टाइगर रिजर्व के बाघ को छत्तीसगढ़ के अचानकमार टाइगर रिजर्व में देखे जाने की पुष्टि मध्यप्रदेश के वन अफसर कर रहे हैं। बाघ की पहचान कान्हा के टी-200 के रूप में अफसर कर रहे हैं। कान्हा के बाघ का एटीआर में देखा जाना एक शुभ संकेत है। इससे बाघों के कॉरिडोर की मजबूती को बल मिलता है। मध्यप्रदेश के वन अफसर के मुताबिक, बाघ 400 किलोमीटर की दूरी तय कर कान्हा पहुंचा है।

कान्हा टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर पुनीत गोयल के अनुसार, अचानकमार टाइगर रिजर्व में लगाए गए कैमरों में एक नया बाघ स्पॉट हुआ। इसके बाद उन्होंने एनटीसीए में बाघ की आईडी जनरेट करने की कार्रवाई की। जहां इसकी पहचान कान्हा के बाघ टी-200 के तौर पर हुई। यह बाघ कान्हा के कैमरों में जनवरी-फरवरी में ट्रैप हुआ था और उसके बाद इसकी आईडी जनरेट हुई।

### आवाजाही से जेनेटिक लाभ

जानकारों के मुताबिक, कॉरिडोर से किसी भी प्रजाति के वन्यजीवों की आवाजाही बढ़ती है तो जीन फ्लो होता है। इस जीन डाइवर्सिटी से जेनेटिक में फायदा होगा। जलवायु परिवर्तन या कोई बीमारी फैलती है तो जितनी जेनेटिक विविधता होगी, प्रजाति के उतनी ही अधिक बचे रहने की संभावना रहेगी।

### संख्या बढ़ाने कॉरिडोर को मजबूत करने की जरूरत

गौरतलब है कि राज्य के अचानकमार के साथ इंद्रावती तथा गुरु घासीदास टाइगर रिजर्व में पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश तथा महाराष्ट्र टाइगर रिजर्व के बाघ नियमित रूप से यहां आवाजाही करते हैं। बाघ जिस रूट से आवाजाही करते हैं, उनमें कई क्षेत्र ऐसे हैं, जहां लोग कृषि कार्य करने के साथ रहवासी क्षेत्र के रूप में उपयोग कर रहे हैं। राज्य में बाघों की संख्या बढ़ाने शासन के साथ वन विभाग को बाघ का कॉरिडोर मजबूत करने की जरूरत है। साथ ही वनों में जिन लोगों ने अवैध कब्जा किया है, उन्हें बेदखल करने की जरूरत है।

# साइंस कॉलेज चौपाटी के 64 स्टॉल आमानाका ओवरब्रिज वेंडिंग जोन में करेंगे शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- जोन-7 ने 5 दुकानों का किया विस्थापन, बाकी की शिफ्टिंग जल्द
- स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने 5 करोड़ खर्च कर सालभर पहले बनवाई स्मार्ट चौपाटी

राजधानी के जीई रोड स्थित साइंस कॉलेज मैदान में बनाई गई चौपाटी के स्टॉल अब आमानाका ब्रिज के नीचे बन रहे वेंडिंग जोन में शिफ्ट किए जाएंगे। नगर निगम जोन 7 की टीम ने शनिवार को 5 बंद पड़े स्मार्ट कियोस्क को क्रेन की मदद से ओवरब्रिज के नीचे शिफ्ट कराया। बाकी के स्टॉल को जल्द विस्थापन कर नए वेंडिंग जोन में शिफ्ट कराया जाएगा। स्मार्ट चौपाटी में खानपान के 64 स्टॉल संचालित हैं।

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा साइंस कॉलेज खेल मैदान के सामने 5 करोड़ खर्च कर बनवाई गई चौपाटी सालभर भी संचालित नहीं हो पाई। चर्चित चौपाटी के खानपान के स्टॉल हटाने का काम नगर निगम जोन-7 ने शुरू कर दिया है। स्मार्ट सिटी के अधिकारियों का कहना है, 10 दिन के अंदर बाकी स्टॉल भी नए वेंडिंग जोन में शिफ्ट कराए जाएंगे। अधिकारियों का यह दावा है कि खाली कराई जाने वाली जगह पर युवाओं के लिए यूथ हब जैसी सुविधा विकसित कराई जाएगी। इधर चौपाटी में किराए पर लेकर खानपान का स्टॉल चलाने वाले वेंडरों में निगम के रवैये को लेकर आक्रोश व्याप्त है।

### 25 से 30 हजार हर माह देने वालों को झटका

राजधानी के प्राइम लोकेशन पर स्थित साइंस कॉलेज चौपाटी में जिन लोगों के एक-एक स्टॉल का 25 से 30 हजार रुपए प्रति महीने किराया देकर कारोबार शुरू किया, उन्हें इससे बड़ा झटका लगा है। सूत्रों के मुताबिक, चौपाटी से बेदखल छोटे कारोबारियों में निगम के रवैये को लेकर आक्रोश व्याप्त है। भुक्तभोगियों का कहना है, शुरू में 2- 3 माह तक किराया तक नहीं निकाल पाए थे, जब लोगों का चौपाटी में आना-जाना बढ़ने लगा तो हमें चौपाटी से बेदखल किया जा रहा है, यह गलत है। कुछ लोगों का ये भी कहना है, मुख्य मार्ग में व्यवसाय की संभावना को देखते हुए उन्होंने छोटे पैमाने पर कारोबार शुरू किया था, अब जिस जगह पर उनके खानपान के स्टाल को शिफ्ट किया जा रहा है, वहां तो दुकान का किराया निकलना मुश्किल हो जाएगा।

### 10 दिनों में होगी शिफ्टिंग

साइंस कॉलेज के सामने स्थित चौपाटी को आमानाका ओवरब्रिज के नीचे वेंडिंग जोन में शिफ्ट किया जा रहा है। दस दिनों तक यह शिफ्टिंग चलेगी। खाली कराई जा रही जगह पर युवाओं के लिए नई सुविधा विकसित करेंगे।

**- पीके पंचायती,** अतिरिक्त महाप्रबंधक तकनीकी, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड

### विवादों में रही साइंस कॉलेज की स्मार्ट चौपाटी

विदित हो, 2022-23 में एजुकेशन हब वाले एरिया में रायपुर स्मार्ट सिटी द्वारा 5 करोड़ की लागत से बनवाई खासी चौपाटी का खास विरोध भी हुआ। भाजपा नेताओं ने इसका विरोध करते हुए प्रदर्शन भी किया। खासकर के पूर्व मंत्री व क्षेत्र के विधायक राजेश मूणत ने एजुकेशन हब चौपाटी बनाने का विरोध करते हुए जीई मुख्य मार्ग के सड़क किनारे पंडाल लगाकर भाजपा पार्षदों के साथ धरना भी दिया। यहीं नही एजुकेशन हब में चौपाटी बनाने को लेकर दिल्ली में पूर्व केंद्रीय मंत्री से शिकायत की गई। इसके बाद भी चौपाटी निर्माण बंद नहीं हुआ। प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद यह चौपाटी ज्यादा दिन नहीं चल पाई।

# रिंगरोड-हाईवे पर नो पार्किंग में खड़े वाहनों पर कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- शंकर नगर, पंडरी में अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई
- चार सौ से ज्यादा वाहन चालकों का चालान

एसएसपी के निर्देश पर ट्रैफिक पुलिस तथा पुलिस की संयुक्त टीम ने हाईवे तथा रिंगरोड पर एक्सीडेंट रोकने सर्विस रोड पर खड़ी गाड़ियों के मालिकों के खिलाफ नो पार्किंग की कार्रवाई की है। ट्रैफिक पुलिस ने चार सौ से ज्यादा वाहन चालकों तथा मालिकों के खिलाफ कार्रवाई की है। ट्रैफिक पुलिस ने रिंगरोड-1 तथा 2 के साथ ही हाईवे से सटे सर्विस रोड पर वाहन पार्क करने वाले चालकों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार, रिंगरोड में नो पार्किंग एरिया में खड़े 70 वाहन मालिकों तथा चालकों से जुर्माना वसूला गया है। इसमें ट्रक से लेकर ऑटो, बस तथा अन्य मालवाहक वाहन शामिल हैं। इसी तरह ट्रैफिक पुलिस ने निगम कर्मियों के साथ संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए पंडरी तथा शंकरनगर में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार, रोड पर अतिक्रमण कर दुकान लगाने वालों की वजह से ट्रैफिक जाम की स्थिति निर्मित होती है। इस कारण अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

# किरायेदारों को किफायती आवास योजना, नगर निगम ने दो साल में बांटे 9 हजार ईडब्लूएस फ्लैट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर में किराए के मकान में रहने वाले 9 हजार परिवारों को नगर निगम ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत किरायेदारों को किफायती आवास स्कीम में 2 साल में 9 हजार बहुमंजिला ईडब्लूएस फ्लैट उपलब्ध कराए हैं। इससे जहां हजारों परिवारों को किराए के मकान में रहने से मुक्ति मिली है, वहीं हितग्राही अंशदान के रूप में राज्य शासन को 190 करोड़ रुपए मिलेंगे। जबकि नगर निगम के राजस्व के नए वित्त वर्ष से 9 हजार नए करदाता जुड़ेंगे। इससे नगर निगम को करों के रूप में एक निश्चित रकम मिलनी शुरू हो जाएगी।

- राज्य शासन को 190 करोड़ का हितग्राही अंशदान मिलेगा
- नगर निगम के टैक्स में होगी वृद्धि, 9 हजार नए करदाता जुड़ेंगे

दरअसल रायपुर नगर निगम के 10 जोन में ईडब्ल्यूएस श्रेणी के हितग्राहियों को शासन की योजना के तहत पक्के आवास उपलब्ध कराने नगर निगम ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 11 हजार से अधिक बहुमंजिला ईडब्ल्यूएस आवास का निर्माण कराया, जिसमें नियमानुसार झुग्गी बस्ती व्यवस्थापन के तहत पात्र परिवारों को पक्के आवास में विस्थापित करने की योजना रही। एक अरसे तक संबंधित आवासों में प्रभावित परिवारों का विस्थापन नहीं होने से ये आवास खाली रह गए। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने खाली पड़े ईडब्ल्यूएस आवास



को खंडहर होने से बचाने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत किरायेदारों के लिए किफायती आवास स्कीम के तहत शहर के अलग-अलग लोकेशन पर निर्मित ईडब्लूएस आवास का आवंटन करने ऑनलाइन आवेदन पत्र मंगाए गए। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि 11 हजार रिक्त ईडब्ल्यूएस आवास में से 9 हजार ईडब्लूएस आवास नियम के तहत ऑनलाइन आवेदन मंगाकर दस्तावेजों की जांच उपरांत पात्र हितग्राहियों को लॉटरी निकालकर आवंटित किए गए हैं। इससे पिछले 2 साल में 190 करोड़ रुपए हितग्राही अंशदान के रूप में राज्य शासन को 190 करोड़ रुपए मिलेंगे।

### पीएमवाई-2 के लिए 10 दिसंबर तक सर्वेक्षण

केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना-1 में वर्ष 2015 तक पात्र हितग्राहियों का चयन कर पक्के आवास आवंटन में प्रमुखता दी गई। हाल ही में पीएमवाई-2 योजना का विस्तार करने हुए साल 2016 से 31 दिसंबर 2024 तक आवेदकों को इसमें मौका दिया गया है। योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन करने नगर निगम के दस जोन के 70 वार्डों में 10 दिसंबर तक सर्वेक्षण का कार्य निगम अमले द्वारा किया जा रहा है।

# चार संभागों को मिले 83 चिकित्सा अधिकारी, स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल की पहल पर संविदा नियुक्ति आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर और सरगुजा संभाग के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में 83 चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर रायपुर को 31, दुर्ग को 27, बिलासपुर को 22 तथा सरगुजा को 3 डॉक्टर मिले हैं।

एमबीबीएस और एमडी-एमएस की पढ़ाई पूरी कर चुके चिकित्सकों को संविदा आधार पर विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में नियुक्ति दी जा रही है। इससे लोगों को छोटी-मोटी बीमारियों के इलाज के लिए बड़े अस्पताल जाने की आवश्यकता नहीं होगी। इसी दौर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की पहल पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा नवीन संविदा चिकित्सा अधिकारियों की पदस्थापना के आदेश जारी किए गए हैं। इनमें रायपुर संभाग में चिकित्सा अधिकारी के रूप में डॉ. शुभम विश्वकर्मा, डॉ. प्रिदम्बिनी नायक, डॉ. तोयेष चंद्राकर, डॉ. स्मृति इंगोले, डॉ. साहिल कुमार, डॉ. मिलनदीप



- रायपुर को 31, दुर्ग को 27, बिलासपुर 22 और सरगुजा को मिले 3 डॉक्टर

कौर, डॉ. देवांग शाह, डॉ. नीलम जायसवाल, डॉ. चंद्रशेखर जायसवाल, डॉ. वाय. मुनमुन, डॉ. यशवंत सोनी, डॉ. दीक्षा थवाईत, डॉ. ऋतम्भरा शर्मा, डॉ. वैशाली चौरसिया, डॉ. यूसुफ उस्मानी, डॉ. एम. शिवानी राव, डॉ. निशा पैकरा, डॉ. शिखा शुक्ला, डॉ. सोनाली अवधिया, डॉ. सुब्रनिल घोष, डॉ. सचिन अग्रवाल, डॉ. अम्मूनाथ अनमोल पांडेय, डॉ. प्रशांत कुमार पांडेय, डॉ. अदिबा खान, डॉ. श्रेया मुखर्जी, डॉ. एशिनी अग्रवाल, डॉ. प्रीति खलखो, डॉ. विकास सिंह, डॉ. विपिन कुमार सिंह, डॉ. संग्राम येरेवार, डॉ. मयंक शर्मा व बिलासपुर संभाग हेतु डॉ. सावी शुक्ला, डॉ. सोनाली प्रकाश, डॉ. धनंजय कुमार निर्मलकर, डॉ. विवेक पटेल, डॉ. कृष्ण कुमार कुम्भकार, डॉ. अदिति सिंह, डॉ. नीलमणि सिंह, डॉ. जॉन कुजूर, डॉ. पूजा सिंह, डॉ. निशि निर्मलकर, डॉ. प्रफुल्लता कंवर, डॉ. अमीशा टेकाम, डॉ. पूर्णिमा कंवर, डॉ. दिव्या अंकित रोहलेदार, डॉ. अनुभूति नंद, डॉ. अदिति मारिया लाकरा, डॉ. रितीशा वेरोनिका थॉमस, डॉ. प्रियंका सिंह पैकरा, डॉ. संदीप पटेल, डॉ. ज्योत्सना गुप्ता, डॉ. स्मृति रानी लकड़ा, डॉ. त्रिलोक जागीतानाथ हिमधर व दुर्ग संभाग हेतु डॉ. कृति ठाकुर, डॉ. दामिनी नाग, डॉ. शशांक बारले, डॉ. प्रिया चंदानन, डॉ. श्रीयम शुक्ला, डॉ. सुदीप्ता पाल, डॉ. संध्या कंवर, डॉ. सौरीन चटर्जी, डॉ. सुधांशु शेखर सेनापति, डॉ. नवेद मालिक, डॉ सुलेखा विंध्यराज, डॉ. मोनिका मरकाम, डॉ. हितेश प्रसाद पात्रे, डॉ. अंजलि आर. जोसेफ, डॉ. प्रणय दत्ता, डॉ. मोहम्मद असहर खान, डॉ. पलक मेश्राम, डॉ. रुपाली सिंह, डॉ. राजेश्वर प्रसाद हेटली, डॉ. अवधेश सिदार, डॉ. प्रतीक साहू, डॉ. प्रियंका गेन्ड्रे, डॉ. मो. अरशद अंसार, डॉ. सैयद ताजिश अली, डॉ. आकांक्षा श्रीवास्तव, डॉ. योगिता पांडरे, डॉ. भाविका टंडन के साथ सरगुजा संभाग हेतु डॉ. भोजमनियां, डॉ. प्रेमा कुजूर व डॉ. अभिषेक नामदेव को विभिन्न जिलों में पदस्थ किया गया है।

## खबर संक्षेप

### पीएमश्री शालाओं में अंशकालीन प्रशिक्षकों के लिए साक्षात्कार 5 को

**बालोद।** पीएमश्री योजना 2024–25 के अंतर्गत चयनित 08 पीएमश्री शालाओं में अंशकालीन योगा प्रशिक्षक, खेल शिक्षक एवं प्रशिक्षकों के लिए साक्षात्कार 05 दिसम्बर को लाइवलीहुड कॉलेज बालोद में सुबह 11 बजे से आयोजित किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी पीसी मरकले ने बताया कि 08 पीएमश्री शालाओं में अंशकालीन योगा प्रशिक्षक, खेल शिक्षक, प्रशिक्षकों की सेवाएं लिया जाना है। उन्होंने बताया कि मेरिट क्रम में वरिष्ठता के आधार पर 1 अनुपात 3 के अनुसार आवेदकों को मेरिट सूची में अंकित सरल क्रमांक 01 से सरल क्रमांक 24 तक के आवेदकों को मूल दस्तावेज के साथ उक्त तिथि एवं समय पर उपस्थित होने को कहा है। मूल दस्तावेज के अभाव में साक्षात्कार के लिए अनुमति नहीं दी जाएगी।

### कलार समाज ने किया बुजुर्गों का सम्मान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कलार समाज रामनगर गुढ़ियारी परिक्षेत्र मंडल द्वारा राजराजेश्वर भगवान सहस्त्रबाहु जयंती एवं बुजुर्गों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। साथ ही युवक, युवती परिचय सम्मेलन भी रखा गया। कार्यक्रम बुद्ध विहार अशोक नगर गुढ़ियारी में रविवार को हुआ, जिसमें मंडलेश्वर पुरुषोत्तम जायसवाल एवं युवा मंच अध्यक्ष कुंदन कुमार सिन्हा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाज के प्रांताध्यक्ष युवराज सिन्हा, छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सुबोध हरितवाल, युवा मंच प्रातीय उपाध्यक्ष नंदू सिन्हा, भुवन सिन्हा, सत्यनारायण सिन्हा, मोहन सिन्हा, सुशील सिन्हा, राजू सिन्हा, भीम सिन्हा, सालिकराम सिन्हा, जित्तू सिन्हा, हेमू सिन्हा, पप्पू सिन्हा, बंशी सिन्हा, महेश सिन्हा आदि शामिल थे।

### मुख्य अभियंता राजेश शर्मा सेवानिवृत्त

**रायपुर।** नगर निगम रायपुर में 42 वर्ष तक सेवाएं देने के बाद 30 दिसंबर को अर्द्धवार्षिकी आयु पूर्ण कर मुख्य अभियंता राजेश शर्मा सेवानिवृत्त हो गए। वर्ष 1983 के दौरान नगर निगम रायपुर में अभियंता के रूप में नियुक्त श्री शर्मा ने रायपुर नगर निगम के मुख्यालय भवन, शहीद स्मारक भवन, सरदार बलवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम, तेलीबांधा तालाब सौंदर्यीकरण विकास योजना सहित अन्य महत्वपूर्ण विकास योजनाओं के कार्यों में नगर निगम के योजना विभाग की टीम को तकनीकी सुझाव व मार्गदर्शन दिया। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने राजेश शर्मा द्वारा नगर निगम को दी गई सेवाओं की सराहना की।

### कांग्रेस की सरकार में महापौर क्यों नहीं लाए फंड

**रायपुर।** नगर निगम महापौर एजाज ढेबर के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा पार्षद दल के प्रवक्ता मृत्युंजय दुबे ने कहा कि कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के रहते महापौर एजाज ढेबर रायपुर के 70 वार्डों के विकास के लिए कभी अधोसंरचना मद से राशि नहीं ला पाए। तुंहर द्वार तुंहर सरकार शिविर 2021-22 में 70 वार्डों में लगाया गया। लगभग 37 हजार आवेदन इस शिविर में आए, जिनमें 7 हजार से अधिक आवेदन सड़क, बिजली, पानी, विद्युत पोल, नाली निर्माण से संबंधित थे, जिसके निराकरण के लिए 24 करोड़ रुपए की राशि राज्य सरकार के नगरीय प्रशासन विभाग से मांगी थी, वह राशि महापौर और कांग्रेस के 3 विधायक अपने ही कांग्रेसी मुख्यमंत्री से नहीं ला पाए तो महापौर ढेबर जी, आपको 4 साल का समय मिला था, जब आपके शहर में 3 विधायक और मुख्यमंत्री भी कांग्रेसी ही थे तो आप करा लेते।

### निधन

**बलीराम साहू**



**बालोद।** ग्राम पिपरछेड़ी निवासी बलीराम साहू का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे राजबाई के पति व कैलाश तथा डिगेश्वर के पिता थे।

## संगीतमय वातावरण में देव पूजन व दीप प्रज्वलन के साथ हुआ कार्यक्रम

# 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की तैयारी तेज यज्ञस्थल के भूमिपूजन में उमड़े परिजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा





अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में नगर डौंडीलोहारा के रामनगर धनगांव रोड पर आगामी 21 से 24 दिसंबर 2024 को आयोजित होने वाले राष्ट्र जागरण 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के यज्ञ स्थल का भूमि पूजन एक दिसंबर रविवार को किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संगीतमय वातावरण में देव पूजन, दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

कार्यक्रम का संचालन झम्मन साहू गुरुर की टोली ने किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अनिला भेड़िया विधायक डौण्डीलोहारा थीं, अध्यक्षता गायत्री परिवार जिला बालोद के जिला समन्वयक विशाल सिंह अठनागर ने की। विशेष अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेश्वरी गोपी साहू, वार्ड नंबर 15 की पार्षद अनीता साहू, वरिष्ठ प्रज्ञा पुत्र महाप्राणजी, वरिष्ठ प्रज्ञा पुत्र कृष्ण कुमार विनोद, उपजोन समन्वयक एसपी सिंह, उपजोन सह समन्वयक धीरज लाल टांक, विधायक प्रतिनिधि अनिल लोढ़ा, हस्तीमल सांखला के गरिमामयी उपस्थिति में भूमि पूजन का कार्यक्रम सफलतापूर्वक हुआ। मुख्य यजमान की भूमिका में नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेश्वरी गोपी साहू रही। मुख्य अतिथि अनिला भेड़िया ने कहा कि आज परिस्थितियां विपरीत होती जा रही हैं। अनाचार, वैमनस्य, व्यसन तथा समाज में विभिन्न वैचारिक मतभेद का बोलबाला है। तब इस समय में इस प्रकार से धर्म आयोजन हमारी संस्कृति, संस्कार को संरक्षण प्रदान करती है। अतः हम सब सौभाग्यशाली हैं जो कि इस प्रकार का महा आयोजन हमारे नगर की धरा पर हो रहा है। अतः हम सबको तन मन धन से सहयोग करना चाहिए और मैं स्वयं भी इस महायज्ञ में अपना भरपूर सहयोग करूंगी। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि समाज में कुरीति ,युवाओं में व्यसन की लत आज समाज को गर्त की ओर ले जा रही है, अतः हम सबको अपनी धर्म, संस्कृति के साथ जुड़कर उनके संरक्षण और संवर्धन में भागीदारी करनी चाहिए। जिससे समाज में शांति, मन में सद्भावना रूपी प्रकाश से समाज को प्रकाशित किया जा सके।

### कोंडागांव से पहुंचेंगे 100 कार्यकर्ता

कोंडागांव से पधारे वरिष्ठ प्रज्ञा पुत्र महापुराण ने सभी परिजनों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सब मां गायत्री के बच्चे हैं उनके प्रति श्रद्धा,विश्वास रख करके कार्यक्रम को गति दें, निश्चित रूप से सफलता मिलेगी। उन्होंने अपने क्षेत्र से भोजनालय संभालने के लिए लगभग 100 की संख्या में कार्यकर्ता भेजने का आश्वासन भी दिए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में ब्लॉक समन्वयक डौण्डी नंदकिशोर पिस्दा, ब्लॉक समन्वयक गुरुर धनसिंह गंजीर, ब्लॉक समन्वयक गुंडरदेही चंद्रिका प्रसाद चंद्राकर, ब्लॉक समन्वयक बालोद लोचन साहू, वरिष्ठ प्रज्ञा पुत्र वीरेंद्र साहू, चेतन साहू, यज्ञ आयोजन समिति के अध्यक्ष भोलाराम साहू, उपाध्यक्ष गोवर्धन उर्वशा , सचिव मिलन सिन्हा ,सह सचिव विरेंद्र कुमार बघेल, कोषाध्यक्ष प्रज्ञानंद बगमरिया, सहकोषाध्यक्ष पुराणिक लाल सोरी ,सहयोगी कार्यकर्तागण विशंभर बघमरिया, कैलाशनाथ साहू सहित सभी कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा।

# राजस्व प्रकरणों का निर्धारित समय में करें समुचित निराकरण : चंद्रवाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

■ राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले के सभी राजस्व अधिकारियों को राजस्व प्रकरणों का निर्धारित समयावधि में समुचित निराकरण सुनिश्चित करने को कहा है, ताकि आम जनता को राजस्व संबंधी प्रकरणों के निराकरण हेतु किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े।

चन्द्रवाल संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में जिले के राजस्व अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। बैठक में चन्द्रवाल ने तहसील एवं अनुविभागवार राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। चन्द्रवाल ने राजस्व संबंधी कार्यों की समीक्षा करते हुए स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र जारी करने के कार्य, स्वामीत्व योजना के कार्यों की प्रगति, मसादी, गांवों के सर्वे के कार्य के साथ भूमि अधिग्रहण अभिलेख दुरस्तीकरण, अभिलेख शुद्धता, नक्शा बटांकन, भू–अर्जन आदि के कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की।

इसके अलावा उन्होंने डीजिटल क्रॉफ्ट सर्वे, जियो रिफ्रेंशिंग आदि के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने आगामी त्रि–स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन एवं नगरीय निकाय निर्वाचन के कार्यों की तैयारियों की भी समीक्षा की। इसके अंतर्गत उन्होंने मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन, परीक्षण आदि के कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्धारित समयावधि में सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# भगवान बिरसा मुंडा के बताए रास्ते पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि : मनीषा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा





■ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने हमारी विरासत हमारा गौरव कार्यक्रम का किया आयोजन

नगर के लाल रघुवीर सिंह स्टेडियम डौंडीलोहारा में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बालोद व अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई डौंडीलोहारा द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की 150 वहीं जयंती पर जिला स्तरीय जनजाति गौरव दिवस के तहत हमारी विरासत हमारा गौरव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा नगर में शोभायात्रा तथा जयकारा की गूंज के साथ किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय तथा नगर के समस्त विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विकास मरकाम प्रदेश अध्यक्ष बीजेपी अजजा मोर्चा छत्तीसगढ़ तथा विशेष अतिथि देवेंद्र माहला अखिल भारतीय हल्बा हल्बी समाज, देवेन्द्र जयसवाल जिला भाजपा उपाध्यक्ष, होरीलाल रावटे जिला पंचायत सदस्य थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता यज्ञदत्त शर्मा प्रदेश मंत्री अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने की। जिला संयोजक अभाविप मनीषा राणा ने कहा कि आज हम लोग दिवंगत बिरसा मुंडा की जयंती के मौके पर एकत्रित हुए हैं। हम कार्यकर्ताओं को उनके समाज सेवा व देश प्रेम से सीख लेने की आवश्यकता है। हम सभी कार्यकर्ताओं को उनके बताए रास्ते का अनुसरण करना चाहिए। उनके बताए रास्ते का अनुसरण करना और उनके बचे कार्यों को पूरा करना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि जिस तरह बिरसा मुंडा ने आदिवासियों के हक के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे, उसी प्रकार अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्यों को छात्र छात्राओं के हक के लिए अपना सब कुछ न्योछावर करने की आवश्यकता है।

### क्रान्तिकारियों के योगदान को भूलती जा रही है युवा पीढ़ी, याद दिलाना जरूरी

मुख्य वक्ता के रूप मे उपस्थित विकास मरकाम ने जनजातीय गौरव दिवस के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस तरह से क्रांतिकारियों ने अंग्रेजों तथा जमीदारों से लोहा लिया। मरकाम ने बताया कि वर्तमान में जिस तरह से धीरे-धीरे क्रान्तिकारियों के योगदान को युवा पीढ़ी भुलते जा रहे हैं उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने जनजातीय समुदाय की जितनी चिंता की है, उतनी किसी ने नहीं की है। भगवान बिरसा मुंडा सहित शहीद वीर नारायण सिंह, शहीद गेंद सिंह, गुण्डाधुर को नमन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा के जन्म दिवस को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने की घोषणा करके जनजातीय समुदाय का गौरव बढ़ाया है। कार्यक्रम में हिरेंद्र गायकवाड़, लोकेन्द्र कुर्रे, धनेश साहू, जयकिशन, भरत यादव, प्रीति सोनकर नगर मंत्री अर्जुंदा, रश्मि कुर्रे नगर सह मंत्री अर्जुंदा, रेणुका काशी नगर विद्यालय प्रमुख, कल्पना बम भोले, सामाजिक कार्यकर्ता ट्विंकल देवांगन, निशा साहू, पूजा ठाकुर, याचना ठाकुर, मानसी जगनायक आदि उपस्थित रहे।

### बघेल बोले- बारिश से धान को बचाने करें पुख्ता इंतजाम

**रायपुर।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयालदास बघेल ने तमिलनाडु में आए चक्रवाती तूफान फेंगल के मद्देनजर छत्तीसगढ़ में बारिश की संभावना को देखते हुए धान को बारिश से बचाने सावधानी बरतने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने खाद्य विभाग के सचिव और मार्कफेड के प्रबंध संचालक के माध्यम से सभी जिलों के कलेक्टरों से समन्वय कर धान को बारिश से बचाने पुख्ता इंतजाम करने को कहा है। उन्होंने धान के स्टेक ढंकने तिरपाल आदि की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। मंत्री श्री बघेल ने बताया कि दूसरे राज्यों से धान की अवैध आवक/परिवहन की रोकथाम के लिए बॉर्डर इलाकों में विशेष निगरानी रखने के लिए चेकपोस्ट स्थापित किए गए हैं

## पेज 7 के शेष

### मुख्यमंत्री व मुख्य ...

उसे शहर मे वापस लाया जाए। बालोद जिला सत्र व्यवहार न्यायालय के लिए चयनीत भूमि पर पुर्नविचार कर उसे शहर में ही स्थापित किया जाए, जो शहर तथा जिले के सभी नागरिकों के लिए उचित होगा। शहर की जनता आक्रोशित है, इसलिए आपके द्वारा 7 दिनों के भीतर हमारी मांग पर निर्णय नहीं लिया गया तो अनिश्चितकालीन बालोद बंद तथा उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

### प्रस्ताव भेजा

मुख्यालय हुआ करता था जहां से चार विधायकों को आमजनता की सेवा करने का अवसर मिला। अतीत में इतना शानदार प्रदर्शन कर चुके भाठागांव आर को आज सड़क की अच्छी सुविधा भी नहीं मिल पा रही है। आमजनता को ब्लॉक एवं विधानसभा मुख्यालय गुण्डरदेही जाने के लिए अनमने मन से बोझिल होकर यात्रा करनी पड़ रही है। विदित हो कि गांव को जोड़ने वाली सड़के भी चौड़ी और शानदार बन चुकी है।

### व्यक्तित्व विकास ...

मंकी ब्रिज, रशियन वॉल, कमांडो ब्रिज, चिमनी क्लाइंबिंग आदि रात्रि में कैम्प फायर में अन्य जिलों के साथ साथ बालोद जिले ने भी अपनी प्रस्तुति सीजी के जंबूरी गीत जंबूरी के रेला संगी जंबूरी अलबेला संगी के माध्यम जिसने सभी का मन मोह लिया। चतुर्थ दिवस में दिल्ली हाईक प्रोग्राम बस के द्वारा किया गया, जहां सर्वप्रथम लोटस टैम्पल, इडिया गेट, अमर जवान ज्योति, राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, भारत स्काउट्स गाइड्स के राष्ट्रीय मुख्यालय, ऐतिहासिक लाल किला, अक्षर धाम मन्दिर, आदि स्थानों का भ्रमण कर महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त की।

# एनएसएस ने ग्राम मनौद में लगाया जागरुकता शिविर





**बालोद।** ग्राम मनौद में राष्ट्रीय सेवा योजना महाविद्यालय बालोद द्वारा मेरा युवा भारत के लिए युवा थीम पर एकदिवसीय जागरुकता शिविर का आयोजन किया। मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्रोफेसर गोपा नंद खरे थे। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी, ग्राम प्रमुख तरौद धर्मेंद्र रामटेक, युवा प्रकोष्ठ साहू समाज जिला संयोजक दिनेश्वर साहू, युवा प्रकोष्ठ साहू समाज प्रमुख सलाहकार मोरज ध्वज साहू, गौ सेवक अजय यादव सहित ग्राम के नागरिक व स्वयंसेवक उपस्थित थे।

### कुटुंब न्यायालय ने खारिज किया भरण पोषण आवेदन

■ पति की मृत्यु के बाद बच्चे के साथ अलग रहने लगी थी महिला

**लाटाबोड़।** बालोद ब्लाक की महिला का गुण्डरदेही ब्लाक के पुरुष के साथ विवाह हुआ और एक बच्चे को जन्म दिया। कुछ समय बाद उसके पति की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। न्यायालय से क्लेम की राशि प्राप्त करने के लिए आवेदन लगाया, लेकिन राशि प्राप्त होने से पूर्व ही अपने ससुराल को छोड़कर बच्चे के साथ अलग रहने लगी। उसके बाद न्यायालय में दत्तक ग्रहण एवं रखरखाव अधिनियम की धारा 19 के तहत अपने ससुर से अपने स्वयं तथा बच्चे के लिए भरण पोषण की राशि की मांग करते हुए परिवार न्यायालय बालोद में आवेदन प्रस्तुत किया। वहीं, उनके ससुर की ओर से अधिवक्ता भेष कुमार साहू ने बचाव करते कहा कि, आवेदिका के पास अचल संपत्ति है, नौकरी करती है, जिससे उसे 12000 रुपए आय होती है। उन्होंने कहा कि पति की मृत्यु होने पर लगभग 13 लाख से अधिक की राशि प्राप्त करने के पूर्व ही बिना किसी पर्याप्त कारण के ससुराल से अलग रह रही है। उन्होंने अपने आय को छुपा कर गलत आवेदन पेश किया है। इस पर आवेदिका का भरण पोषण आवेदन कुटुंब न्यायालय बालोद ने खारिज कर दिया।

# रंगोली व पोस्टर के माध्यम से दिया एड्स के प्रति जागरुकता का संदेश



**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत चन्द्रवाल के निर्देशानुसार व्यवहार न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्वेता उपाध्याय गौर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एमके. सूर्यवंश के मार्गदर्शन में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय बालोद में एड्स के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक ने बताया कि कार्यक्रम में नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं द्वारा रंगोली एवं पोस्टर के माध्यम से लोगों को एड्स के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में जिला चिकित्सायल बालोद के चिकित्सक एवं स्टाफ उपस्थित थे।

### एयरपोर्ट विस्तार के लिए 23.64 करोड़ की स्वीकृति

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर छत्तीसगढ़ के बिलासपुर, जगदलपुर और अंबिकापुर एयरपोर्ट के विकास कार्यों के लिए वित्त विभाग ने 23.64 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। इससे एयरपोर्ट के इंफ्रास्ट्रक्चर और सुरक्षा से संबंधित कार्य किए जाएंगे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि इन कार्यों की स्वीकृति से राज्य के एयरपोर्ट का उन्नयन और विकास प्रभावी व सुव्यवस्थित तरीके से हो सकेगा।

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट | कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) | स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
130+ EXPERIENCE CENTRES PAN INDIA
PHILIPS REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

